# पत्रकारिता जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

# और

# एम.ए. में पत्रकारिता और जनसंचार

## (पी.जी.जे.एम.सी. / एम.ए.जे.एम.सी. - प्रथम वर्ष)

## असाइनमेंट

## जनवरी 2025 और जुलाई 2025 चक्र

**एमजेएम-020/120**

**एमजेएम-021**

**एमजेएम-022**

**एमजेएम-023**

**एमजेएम-024/124**

**एमजेएम-025**

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

**पत्रकारिता एवं नवीन मीडिया अध्ययन विद्यालय**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**

**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068**

# पी.जी.जे.एम.सी./एम.ए.जे.एम.सी. असाइनमेंट

**प्रिय शिक्षार्थी,**

जैसा कि प्रोग्राम गाइड में बताया गया है, आपको सभी पाठ्यक्रमों में से प्रत्येक में एक असाइनमेंट जमा करना होगा। असाइनमेंट बनाने से पहले, कृपया प्रोग्राम गाइड में दिए गए विस्तृत निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

प्रत्येक असाइनमेंट के सामने जमा करने की **अंतिम तिथि** दी गई है। कृपया ध्यान दें कि आपको सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए निर्धारित समय के भीतर अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को ये उरोक्त सभी असाइनमेंट जमा करने होंगे।

आपको असाइनमेंट के पहले पृष्ठ पर अपना **नामांकन नंबर, नाम, पता, असाइनमेंट कोड और अध्ययन केंद्र कोड** का उल्लेख करना होगा। आपको जमा किए गए असाइनमेंट के लिए अध्ययन केंद्र से **रसीद प्राप्त** करनी होगी और उसे संभाल कर रखना होगा। असाइनमेंट की एक फोटोकॉपी प्रमाण के तौर पर अपने पास रखना अनिवार्य होगा।

मूल्यांकन के बाद, असाइनमेंट आपको अध्ययन केंद्र द्वारा वापस करने का प्रावधान हैं। कृपया इस पर जोर दें और अपने पास रिकॉर्ड रखें। आपके द्वारा प्राप्त किए गए अंक केंद्र द्वारा इग्नू, नई दिल्ली में एस.ई.डी. (SED) को भेजे जाएंगे।

**असाइनमेंट करने के लिए दिशा-निर्देश**

प्रत्येक असाइनमेंट में दिए गए सभी प्रश्नों को निर्देशानुसार हल करें। असाइनमेंट बनाते समय आपको निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना होगा:

**योजना:** सबसे पहले अध्ययन सामग्री को ध्यान से पढ़ें। कार्यक्रम के लिए आयोजित टेलीकांफ्रेंसिंग सत्र और इंटरैक्टिव रेडियो परामर्श सत्रों में भाग लें। यदि आवश्यक हो तो आप अध्ययन केंद्र/क्षेत्रीय केंद्र से विवरण भी प्राप्त कर सकते हैं और फिर असाइनमेंट को ध्यान से पढ़ें। जिन इकाइयों पर वे आधारित हैं, उन्हें देखें। प्रत्येक प्रश्न के बारे में कुछ बिंदु बनाएं और फिर उन्हें तार्किक क्रम में पुनर्व्यवस्थित करें।

**संगठन:** अपने उत्तर की एक रूपरेखा बनाएँ। अपने उत्तर के लिए जानकारी के चयन में विश्लेषणात्मक रहें। परिचय और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। सुनिश्चित करें कि असाइनमेंट के:

- तार्किक और सुसंगत हो;
- वाक्यों और पैराग्राफ में जानकारी का उचित प्रवाह हो; और
- आपकी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति पर पर्याप्त विचार करते हुए सही ढंग से लिखा गया हो।

प्रस्तुति: एक बार जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाते हैं, तो आप प्रत्येक उत्तर को साफ-सुथरा लिखते हुए, जमा करने के लिए अंतिम संस्करण लिख सकते हैं।

शुभकामनाओं के साथ,


**डॉ. शिखा राय**

**कार्यक्रम समन्वयक,**

**पी.जी.जे.एम.सी. एवं एम.ए.जे.एम.सी.-I**

shikharai@ignou.ac.in

**एमजेएम-020/120: पत्रकारिता और जनसंचार का परिचय**
**असाइनमेंट 01**
**(अंतिम तिथि: कृपया अंतिम तिथि पर नवीनतम अपडेट के लिए वेबसाइट देखें)**

असाइनमेंट कोड: एमजेएम-020/120 जनवरी 2025/ जुलाई 2025 चक्र

अधिकतम अंक: 100

वेटेज: 30%

---

***नोट:*** *(i) सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक एक समान हैं = प्रत्येक 20*
*(ii) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए|*

---

1. विश्लेषण करें कि राजनीतिक संबद्धता या वैचारिक पूर्वाग्रह ने भारत में हाल ही में हुई किसी बड़ी राजनीतिक घटना की कवरेज को कैसे प्रभावित किया है। दो अलग-अलग मीडिया हाउस द्वारा प्रस्तुत आख्यानों की तुलना करें और चर्चा करें कि उनकी रिपोर्टिंग पत्रकारिता के सिद्धांतों के साथ कैसे संरेखित होती है या उनसे कैसे विचलित होती है।

2. विज्ञापनदाता उपभोक्ताओं से जुड़ने के लिए विभिन्न भावनात्मक और तर्कसंगत अपील का उपयोग करते हैं। एक विज्ञापन चुनें जो प्रभावी रूप से एक विशिष्ट विज्ञापन अपील का उपयोग करता है और विश्लेषण करें कि यह उपभोक्ता धारणा और ब्रांड रिकॉल को कैसे प्रभावित करता है। किसी अन्य विज्ञापन के साथ इसकी प्रभावशीलता की तुलना करें जो एक अलग अपील का उपयोग करता है।

3. डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के साथ, गलत सूचना और फर्जी खबरें महत्वपूर्ण चिंता का विषय बन गई हैं। हाल ही में एक ऐसा उदाहरण चुनें, जहाँ भारत में गलत सूचना व्यापक रूप से फैली हो। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ने स्थिति को कैसे संभाला और झूठी सूचना के प्रसार को नियंत्रित करने में तथ्य-जांच तंत्र की प्रभावशीलता का आकलन करें।

4. भारत में हाल ही में हुए एक विवाद पर चर्चा करें जहाँ किसी पुस्तक, फिल्म या ऑनलाइन सामग्री को सेंसरशिप का सामना करना पड़ा। सेंसरशिप के पीछे के कारणों, इसमें शामिल कानूनी और नैतिक विचारों और भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए व्यापक निहितार्थों की जाँच करें।

5. एक हालिया भारतीय समाचार कहानी या मीडिया चित्रण चुनें जो हाशिए पर पड़े समुदाय पर केंद्रित हो। इस समुदाय के प्रतिनिधित्व का आलोचनात्मक विश्लेषण करें, यह आकलन करते हुए कि मीडिया कवरेज अपने दृष्टिकोण में निष्पक्ष, रूढ़िवादी या प्रगतिशील था।